# कोरोनावायरस [COVID-19] महामारी के दौरान हस्त-धारित अल्ट्रासाउंड यंत्र की सुरक्षा और कीटाणुशोधन



यह संलेख केवल एक दिशानिर्देश है। इसे उपलब्ध संसाधन और स्थानीय संक्रमण-नियंत्रण नीतियों केअनुसार संशोधित किया जाना चाहिए।

## रोगी-कक्ष में प्रवेश के पूर्व

१ दस्ताने पहन लें

२ यंत्र को पोंछन से पोछें

३ जांच-यंत्र पर जैल लगाएँ

४ यंत्र को सुरक्षा आवरण से ढकें तथा इलास्टिक से बाँधें

५ ढके यंत्र को साफ़ डब्बे में रखें

६ महीन कागज़ (४),
पोंछन (३),
एवं जैल पैकेट (२)
को डब्बे में रखें

७ निज-सुरक्षा उपकरण को दो जोड़े दस्तानों सहित पहनें

८ डब्बे को सारे सामान सहित रोगी-कक्ष में लाएँ

## रोगी-कक्ष के भीतर

१ डब्बे को द्वार के निकट मेज़, शकट या भूमि पर रखें। महीन कागज़ एवं पोंछन को डब्बे में ही छोड़ दें

२ रोगी की अल्ट्रासाउंड-जाँच करें

३ जांच के उपरांत, जैल के पैकेट फेंक दें

४ दस्तानों को पहने-पहने उनका कीटाणुशोधन एलकोहॉल से करें

५ रोगी से २ मीटर की दूरी पर यंत्र-आवरण को हटाएँ और यंत्र को आहिस्ते से डब्बे में सरका दें।

यंत्र-आवरण और डब्बे का आपस में स्पर्श **न होने दें।**

यंत्र-आवरण को फेंक दें।

अनावृत-यंत्र या डब्बे को दस्ताने वाले हाँथों से **न छुएँ।**

६ बाहरी दस्तानों की जोड़ी को फेंक दें (यदि केवल एक ही जोड़ी हो, तो उसका कीटाणुशोधन एलकोहॉल से करें)

७ महीन कागज़ से जैल पोछें।
पोंछन से यंत्र को पोछें।
यंत्र को डब्बे में रखें।
महीन कागज़ और पोंछन को फेंक दें

८ द्वार खोल कर डब्बे को बाहर किसी दूसरे मेज़ पर रखें, या फ़िर पैर से बाहर खिसकाएँ

## रोगी-कक्ष से निकास के उपरांत

१ दस्तानों को फेंक दें

२ हाँथों को भली प्रकार से धोएँ

३ मास्क एवं आंख-सुरक्षा उपकरण को पहने-पहने ही गाऊन को उतार कर फेंक दें

४ हाँथों को भली प्रकार से धोएँ

५ दस्तानों की नई जोड़ी पहनें

६ यंत्र को डब्बे से निकाल कर पोंछन से यंत्र का कीटाणुशोधन करें

७ यंत्र को किसी दूसरे साफ़ डब्बे में या साफ़ जगह पर रखें, और सूखने दें

८ पुन: प्रयोज्य डब्बों को पोंछन से कीटाणुरहित करें, अन्यथा उन्हें फेंक दें

९ दस्तानों को फेंक दें

१० हाँथों को भली प्रकार से धोएँ

११ बाकी बचे निज-सुरक्षा उपकरण उतारें

CANADIAN POINT OF CARE ULTRASOUND SOCIETY
SOCIÉTÉ CANADIENNE D'ÉCHOGRAPHIE CIBLÉE

# कोरोनावायरस [COVID-19] महामारी के दौरान हस्त-धारित अल्ट्रासाउंड यंत्र की सुरक्षा और कीटाणुशोधन





## टिप्पणियाँ

- इस संलेख का उपयोग उन सभी रोगियों के लिए किया जाना चाहिए जिन्हें कोरोनावायरस बीमारी से संक्रमित होने की संभावना है या पुष्टि की गई है। इस संलेख का उपयोग ऐसी स्थिति में भी किया जा सकता है जहाँ किसी रोगी को संक्रामक बीमारी के लिए अलग किया गया हो।
- जिन रोगियों के लिए कोरोनावायरस बीमारी की संभावना कम है, और जहाँ रोगी-परीक्षा के समय स्थानीय निर्देशानुसार निज-सुरक्षा उपकरण (गाऊन, दस्ताने, मास्क एवं आँख-सुरक्षा उपकरण) की आवयश्यकता नहीं है, कृपया निर्माता एवं स्थानीय संक्रमण-नियंत्रण नीतियों के अनुसार यंत्र की सफ़ाई करें।
- अल्ट्रासाउंड-सहित रोगी-परीक्षा उन रोगियों को लाभान्वित कर सकता है जिन्हें वास्तविक या संभावित कोरोनावायरस बीमारी है। इसमें फेफड़े की पैथोलॉजी, कार्डियक फ़ंक्शन, द्रव सहिष्णुता, संवहनी पहुंच / प्रक्रियात्मक मार्गदर्शन और श्वास प्रणाल इंटुबेषण की पुष्टि इत्यादि मूल्यांकन शामिल है।
- अल्ट्रासाउंड-सहित रोगी-परीक्षा उन रोगियों को भी लाभान्वित कर सकता है जिन्हें गैर-कोरोनावायरस बीमारी संबंधित शिकायतें हैं और सहवर्ती कोरोनावायरस संक्रमण है।
- महामारी के दौरान इस परीक्षण की उपयोगिता बढ़ सकती है, क्योंकि सादे फिल्मों, सी.टी. स्कैन, रेडियोलॉजी वाला अल्ट्रासाउंड और इकोकार्डियोग्राफी की उपलब्धता सीमित रहेगी।
- जैसे-जैसे इस बीमारी की सामुदायिक संचरण बढ़ेगी, इससे संक्रमित रोगी श्वास एवं प्रश्वास संबंधित लक्षणों या बुखार के बिना उपस्थित हो सकते हैं। जब स्थानीय संक्रमण-नियंत्रण निर्देशानुसार, सभी रोगियों की परीक्षा के लिए, लक्षणों की परवाह किये बिना, निज-सुरक्षा उपकरण का उपयोग आवश्यक हो, तब सभी अल्ट्रासाउंड-सहित रोगी-परीक्षा के दौरान, इस संलेख का उपयोग किया जाना चाहिए।
- यदि सख्त संक्रमण-नियंत्रण संलेख का पालन नहीं किया जाता है, तो पूर्वकथित परीक्षा हानिकारक भी हो सकता है। अल्ट्रासाउंड यंत्र, उपयोगकर्ता और जैल के द्वारा संक्रमण की संभावना है, जिससे रोगी एवं चिकित्सक को खतरा है।
- शकट-आधारित प्रणाली की तुलना में हस्त-धारित यंत्र को संदूषण से बचाना और कीटाणुरहित करना अधिक सरल है। ध्यान दें कि शकट-आधारित प्रणाली की तुलना में हस्त-धारित यंत्र की छवि निर्माण क्षमता कम हो सकती है।
- व्यक्तिगत फोन / टैबलेट के उपयोग से बचने के लिए हस्त-धारित जांच-यंत्र के साथ एक समर्पित-प्रदर्शन उपकरण प्राप्त करने पर विचार करें।

## परिभाषाएँ

- **हस्त-धारित यंत्र :** किसी भी हाथ से पकड़े जाने वाले अल्ट्रासाउंड यंत्र जिसमें टैबलेट, फोन या एकीकृत-प्रदर्शन उपकरण के साथ तार-बिना या तार-सहित जांच-यंत्र भी हो सकता है।
- पोंछन : सफाई की आपूर्तियाँ यानि घोल एवं पोंछन। पोंछन की रासायनिक संरचना प्रत्येक यंत्र के लिए यंत्र-निर्माता के निर्देशानुसार होनी चाहिए और कोरोनावायरस को खत्म करने में प्रभावी होनी चाहिए। तार-सहित यंत्र में हमेशा तार की भी सफ़ाई होनी चाहिए।

## सुझाव

- इस सफ़ाई संलेख का मुख्य अवधारणा है - यंत्र के उपयोग के पहले एक बार, तथा उपयोग के बाद दो बार, यंत्र को पूरी तरह से पूर्वकथित पोंछन से पोंछना।
- बिन-दस्ताने वाले हाथों से कुछ भी गंदा नहीं छूना चाहिए। संदेह होने पर, फिर से हाथ धोएं।
- हमेशा दस्ताने वाले हाथों से ही यंत्र को छुएं।
- यदि जाँच-यंत्र का आवरण उपलब्ध नहीं है, तो किसी भी पारदर्शी प्लास्टिक बैग का उपयोग करें। इन आवरणों का जीवाणुरहित होना आवश्यक नहीं है।


यह संलेख केवल एक दिशानिर्देश है। इसे उपलब्ध संसाधन और स्थानीय संक्रमण-नियंत्रण नीतियों केअनुसार संशोधित किया जाना चाहिए।